संख्या: 24/2019/202(6)/छप्पन-2019-93/17

प्रेषक,

सूर्य पाल गंगवार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन, उ0प्र0,
लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 01 मार्च, 2019

विषय :वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-38 के अधीन राजस्व पक्ष के इंगित मद से पुनर्विनियोजन के माध्यम से अतिरिक्त धनराशि के व्यय की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-577/ना0उ0नि0/लेखा/पुनर्विनियोजन/19, दिनांक 21 जनवरी, 2019 में किये गये प्रस्ताव के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या- 38 के अन्तर्गत नीचे इंगित लेखा शीर्षक के सुसंगत मानक मद में हो रहे व्ययाधिक्य को वहन करने हेतु उनके सम्मुख अंकित धनराशि के अनुसार कुल रूपये 3.61 (रूपये तीन लाख इकसठ हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति/पुनर्विनियोग की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है :-

2203-तकनीकी शिक्षा-105-बहुशिल्प विद्यालय-03-एयरक्राफ्ट मेन्टीनेंस संस्था का सुदृढ़ीकरण	धनराशि (लाख रूपये में)
04-यात्रा व्यय	0.25
06-अन्य भत्ते	0.61
09-विद्युत व्यय	2.50
15-मोटर गाडियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	0.25
कुल योग (रूपये तीन लाख इकसठ हजार मात्र)	3.61

2- उपर्युक्त धनराशि का पुनर्विनियोग शासन के पत्र संख्या-23/2019/202(4)/छप्पन-2019-93/17, दिनांक 01 मार्च, 2019 द्वारा करा लिया गया है।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 38 के राजस्व लेखा शीर्षक-2203-तकनीकी शिक्षा-105-बहुशिल्प विद्यालय-03-एयरक्राफ्ट मेन्टीनेंस संस्था का सुदृढ़ीकरण के अन्तर्गत उक्त प्रस्तर-1 में इंगित मानक मद के नामे डाला जायेगा। उक्त धनराशि इंगित लेखा शीर्षक की मदों ''01-वेतन तथा 42-अन्य व्यय'' से पुनर्विनियोग के माध्यम से वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 में दिए गए प्राधिकार के अन्तर्गत जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,
सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

पृ0सं0 : 24/2019/202(7)/छप्पन-2019-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- उपमहालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी-1 विभूतिखण्ड गोमती नगर, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 / वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन-तीन प्रतियों सहित।
7- नियोजन अनुभाग-4
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।